NNEDV

# Facebook पर गोपनीयता और सुरक्षा

दुर्व्यवहार के पीड़ितों के लिए मार्गदर्शिका

# विषयसूची


भूमिका 1

सुरक्षा की पहली पंक्ति: यह प्रबंधित करना कि आपकी सामग्री को कौन देखे 2


नियंत्रण वापस अपने हाथों में लेना: अपनी गोपनीयता सेटिंग की समीक्षा करना 3

सुरक्षा की दूसरी पंक्ति: सुरक्षा सेटिंग और सूचनाएँ 4

सुरक्षा की तीसरी पंक्ति: सुरक्षित रहना 5-6




# सोशल मीडिया को अधिक खुली और जुड़ी हुई दुनिया बना रहा है, जिससे लोग अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों को परिवार, मित्रों और समुदायों से साझा कर पा रहे हैं.



दुर्व्यवहार के पीड़ितों को युक्तियाँ प्रदान करने के लिए घरेलू हिंसा समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय नेटवर्क (NNEDV) और Facebook संयुक्त हो गए हैं, ताकि आप अपनी जानकारी को सुरक्षित और नियंत्रण में रखते हुए भी Facebook का उपयोग कर सकें. इस मार्गदर्शिका का लक्ष्य घरेलू हिंसा, यौन हमले और किसी के द्वारा पीछा किए जाने की घटना से पीड़ितों की Facebook का इस प्रकार उपयोग करने के संबंध में मदद करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि वे अपनी सुरक्षा और गोपनीयता पर नियंत्रण रखते हुए भी मित्रों और परिवार से जुड़े रहें, जिससे अनुचित व्यवहार करने वालों को अनुचित व्यवहार करने, पीछा करने वालों और अपराधियों को पीछा और उत्पीड़न करने से रोकने में मदद मिलती है.

## याद रखें:

अगर आप हिंसा से पीड़ित हैं और आपको सहायता चाहिए, तो महिलाओं की सुरक्षा और/या मानवाधिकारों के लिए काम करने वाले किसी संगठन से संपर्क करें.

NNEDV घरेलू हिंसा के जटिल कारणों और व्यापक परिणामों पर ध्यान देने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोग्राम और पहलें प्रदान करके घरेलू हिंसा के पीड़ितों और उनका पक्ष लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण आवाज़ है. और जानकारी के लिए, कृपया nnedv.org पर जाएँ.

# सुरक्षा की पहली पंक्ति: यह प्रबंधित करना कि आपकी सामग्री को कौन देखे



सामान्य रूप से, आपके द्वारा जोड़ा जाने वाला हर मित्र देख सकता है कि आप क्या पोस्ट करते हैं और आपकी गोपनीयता सेटिंग के आधार पर आपके मित्रों के मित्र भी देख सकते हैं कि आप क्या पोस्ट करते हैं. कुछ पीड़ितों के लिए, उनसे दुर्व्यवहार करने वाले लोगों से मित्रता करने से इंकार करना या यहाँ तक कि उन्हें ब्लॉक करना संभवतः संभव नहीं होता है और इससे दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति के ख़तरनाक और निरोधक व्यवहार को बढ़ावा मिल सकता है. नीचे इसे प्रबंधित करने के तरीके बताए गए हैं कि आप क्या और किससे साझा करें.

**क्या आप जानते हैं?**

आप या तो डिफ़ॉल्ट सेटिंग सेट करके या अलग-अलग पोस्ट पर अपनी ऑडियंस चुनकर यह चुन सकते हैं कि आपकी Facebook गतिविधि को कौन देखें.

## अपनी ऑडियंस का चयन करें

जब आप Facebook पर जानकारी साझा करते हैं, तो आप उस ऑडियंस का चयन कर सकते हैं, जो उस सामग्री को देखे. आपके पास उसे सार्वजनिक, मित्र, केवल मैं या कस्टम से साझा करने का विकल्प होता है—जिससे आपको इस पर सर्वाधिक नियंत्रण मिलता है कि आप किसी पोस्ट को कैसे साझा करना चाहते हैं. कुछ मित्रों की सूचियाँ बनाकर आप किसी भी पोस्ट या फ़ोटो की ऑडियंस को तुरंत सीमित कर सकते हैं. ये ऑडियंस चयनकर्ता विकल्प अलग-अलग पोस्ट, फ़ोटो एल्बम के हिस्से के रूप में और परिचय अनुभाग के अंतर्गत आपकी मूलभूत जानकारी पर भी पाए जा सकते हैं, हालाँकि, ध्यान रखें कि ऐसी कुछ चीज़ें हैं, जो हमेशा सार्वजनिक रहेंगी (कौन-सी चीज़ें हमेशा सार्वजनिक रहेंगी, इस बारे में अगले पेज पर और जानें). आप अपनी Facebook प्रोफ़ाइल की दाईं ओर स्थित गोपनीयता शॉर्टकट आइकन क्लिक करके यह देखने के लिए "इस रूप में देखें" सुविधा का उपयोग कर सकते हैं कि सार्वजनिक रूप से और मित्रों को क्या दिखाई देता है.

## नए मित्रों को स्वीकार करने से पहले सतर्क रहें

Facebook असली नामों और प्रामाणिक पहचानों पर आधारित है, जहाँ लोग अपनी वास्तविक पहचान दर्शाते हैं. दुर्भाग्यवश, कुछ गलत लोग किसी पीड़ित की जानकारी की एक्सेस पाने के लिए चालाकी भरी चालें चलते हैं. अगर आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मित्र अनुरोध मिलता है, जो आपके अनुसार पहले से आपका मित्र है, तो उनसे पूछें कि क्या उन्होंने नई प्रोफ़ाइल बनाई है. कुछ मामलों में, गलत लोग जिन लोगों से जुड़ना चाहते हैं, उनके किसी मित्र का रूप धारण करने के लिए दुर्भावनापूर्ण तरीके से खाते बनाते हैं.

## अपने बच्चों को समझाएँ

कुछ किशोर यह मान सकते हैं कि अनेक "मित्र" होना प्रतिष्ठा और लोकप्रियता का प्रतीक होता है. अपने बच्चों से गोपनीयता और सुरक्षा तथा इस बारे में बात करें कि उन्हें अनजाने लोगों से मित्र अनुरोध स्वीकार करने में संकोच क्यों करना चाहिए.

## गोपनीयता पर चर्चा करें

अपनी गोपनीयता बनाए रखना हमेशा आपके ऊपर नहीं होता है, क्योंकि मित्र भी आपसे जुड़ी सामग्री पोस्ट कर सकते हैं या आपको टैग कर सकते हैं. हालाँकि आप प्रबंधित कर सकते हैं कि क्या वे चीज़ें आपकी टाइमलाइन पर दिखाई दें (जैसा कि अगले पेज पर देखा गया), मित्रों की पोस्ट या फ़ोटो उनकी टाइमलाइन पर दिखाई दें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी सेटिंग किस पर सेट हैं. चूँकि दुर्व्यवहार के पीड़ितों के ऐसे मित्र हो सकते हैं, जो दुर्व्यवहार करने वाले के Facebook मित्र हों, इसलिए यह चिंताजनक हो सकता है.

- वह बॉक्स अनचेक करें जिससे टैग किए गए लोगों के मित्र सामग्री देख सकते हैं. आप इसे ऑडियंस चयनकर्ता के अंतर्गत कस्टम गोपनीयता विकल्प में देख सकते हैं.
- यह जानने के लिए टैग समीक्षा टूल का उपयोग करें कि आपको कब और किससे द्वारा टैग किया जा रहा है (इस सुविधा के बारे में पेज 4 पर और जानें).
- मित्रों और परिवार के साथ अपनी गोपनीयता प्राथमिकताओं पर चर्चा करें.
- पता करें कि क्या आपका कार्यस्थल, जिन स्थानों में आप स्वयंसेवा करते हैं, या उन समुदाय की एजेंसियाँ जिनमें आप भाग लेते हैं, स्टाफ़, स्वयंसेवकों या ईवेंट से संबंधित जानकारी पोस्ट करते हैं और उन्हें आपकी जानकारी निजी रखने के लिए कहें.

Facebook पर मित्र सूचियाँ बनाने के तरीके के बारे में और जानकारी के लिए, यहाँ क्लिक करें:
https://www.facebook.com/help/listsbasics

# नियंत्रण वापस अपने हाथों में लेना: अपनी गोपनीयता सेटिंग की समीक्षा करना

## आपके द्वारा साझा की जाने वाली चीज़ों को कौन देख सकता है?

आप या तो “गोपनीयता सेटिंग”/“मेरी सामग्री कौन देख सकता है” के अंतर्गत डिफ़ॉल्ट सेटिंग सेट करके या कोई अलग पोस्ट करते समय अपनी ऑडियंस का चयन करके चुन सकते हैं कि आपकी Facebook गतिविधि को कौन देखे. किसी भी समय आप इनमें से किसी भी स्थान में ऑडियंस का चयन कर सकते हैं, इसे याद रखा जाएगा और उसे आपके द्वारा की जाने वाली अगली पोस्ट के लिए आपके डिफ़ॉल्ट के रूप में सेट कर दिया जाएगा. अन्य शब्दों में, अगर आप किसी चीज़ को “सार्वजनिक” या “मित्र” पर सेट करते हैं, तो आपकी अगली पोस्ट की ऑडियंस भी तब तक वही रहेगी, जब तक आप उसे बदल नहीं देते. आप किसी मित्र को कोई विशेष पोस्ट देखने से ब्लॉक कर सकते हैं या अपनी पिछले पेज पर बताए गए अनुसार सूचियों का उपयोग करके अपनी पोस्ट को केवल चयनित मित्रों द्वारा देखे जाने के लिए सीमित कर सकते हैं. अगर आप पहले गोपनीयता सेटिंग का उपयोग नहीं कर रहे थे, तो आप पिछली पोस्ट की ऑडियंस को भी सीमित कर सकते हैं. ध्यान रखें कि आप अपनी जानकारी की गोपनीयता को नियंत्रित करते हैं, लेकिन अगर आप किसी अन्य व्यक्ति की टाइमलाइन पर कुछ पोस्ट करते हैं, तो आपके द्वारा पोस्ट की गई चीज़ों को कौन देख सकता है, इसका निर्धारण उनकी गोपनीयता सेटिंग के अनुसार होगा.

## आपको कौन ढूँढ सकता है?

अगर आप Facebook की सेवा की शर्तों का पालन कर रहे हैं और अपनी प्रोफ़ाइल पर अपने असली नाम का उपयोग कर रहे हैं, तो फिर सभी लोग आपको और आपकी प्रोफ़ाइल को नाम से ढूँढ सकते हैं. वे आपकी कितनी जानकारी देख सकते हैं, यह इस पर निर्भर करेगा कि आप कौन-सी गोपनीयता सेटिंग का उपयोग कर रहे हैं.



आप यह भी नियंत्रित कर सकते हैं कि आपके ईमेल या फ़ोन नंबर द्वारा आपकी प्रोफ़ाइल को कौन, अगर कोई हो, खोज सकता है. आप अपने गोपनीयता सेटिंग पेज या परिचय पेज (सेटिंग देखने और संपादित करने के लिए सामग्री पर होवर करें) के अंतर्गत उन विकल्पों को प्रबंधित कर सकते हैं. परिचय अनुभाग से आप इसे भी सीमित कर सकते हैं कि आपकी अन्य निजी जानकारी को कौन देख सकता है. आप खोज इंजन को आपकी टाइमलाइन से सीधे लिंक करने की अनुमति दे भी सकते हैं या नहीं भी दे सकते. अगर यह चयन “बंद” है, तो जब कोई व्यक्ति Google या Bing जैसे किसी खोज इंजन या लोगों को ढूँढने वाली साइटों में आपका नाम खोजता है, तो आपकी Facebook प्रोफ़ाइल दिखाई नहीं देगी. यह विकल्प उन पीड़ितों के लिए महत्वपूर्ण है, जो उस जानकारी की मात्रा को न्यूनतम करना चाहते हैं, जो तब सामने आती है, जब कोई व्यक्ति उन्हें ऑनलाइन खोजता है. हालाँकि, इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि अगर आप "सार्वजनिक" के रूप में सामग्री पोस्ट करते हैं, वह सामग्री तब भी खोज इंजन में दिखाई दे सकती है. इस सेटिंग को "बंद" करने के अतिरिक्त, आप ऑडियंस चयनकर्ता द्वारा इसे भी सीमित कर सकते हैं कि पिछली और भावी पोस्ट को कौन देख सकता है. आप क्या साझा करते हैं और आपकी गोपनीयता सेटिंग के आधार पर आपको असली दुनिया में ढूँढा जा सकता है. पीड़ितों के लिए, सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्थान गोपनीयता महत्वपूर्ण हो सकती है. अगर आप अपने सेल फ़ोन द्वारा Facebook संदेश भेजते हैं, तो स्थान साझाकरण सुविधा को बंद करना सुनिश्चित करें, अन्यथा संदेश प्राप्त करने वाला व्यक्ति मैप से आपका वास्तविक, भौतिक स्थान देख सकता है.

## टैग किया जाना कैसे नियंत्रित करें?

Facebook में टैग करना एक अन्य सुविधा है, जिससे अन्य लोग आपकी टाइमलाइन को खोज सकते हैं. अपनी गोपनीयता सेटिंग का उपयोग करके आप सभी टैग के आपकी टाइमलाइन पर दिखाई देने से पहले उन्हें स्वीकार करना, उन पोस्ट की ऑडियंस को सीमित करना जिनमें आपको टैग किया गया है और "टैग सुझाव" सुविधा को बंद करना चुन सकते हैं. आप स्वयं के टैग भी निकाल सकते हैं, हालाँकि किसी टैग को निकालना या किसी टैग को स्वीकार नहीं करने से Facebook से पोस्ट या फ़ोटो को नहीं निकाला जाएगा. इन विकल्पों से आप केवल यह नियंत्रित कर सकते हैं कि आपकी टाइमलाइन पर क्या दिखाई दे. अगर आप अपनी गोपनीयता के संबंध में चिंतित हैं, तो आप लोगों को फ़ोटो या पोस्ट निकालने हेतु कहने के लिए Facebook के सोशल रिपोर्टिंग टूल का उपयोग कर सकते हैं. अगर पोस्ट की गई कोई चीज़ आपके लिए नुकसानदेह है और Facebook के समुदाय मानकों का उल्लंघन करती है, तो आप Facebook को उसकी रिपोर्ट कर सकते हैं. आप नुकसानदेह और उत्पीड़न करने वाली सामग्री के संबंध में कानून प्रवर्तन से भी चर्चा कर सकते हैं.

## अन्य लोग आपके बारे में क्या कह रहे हैं?

हालाँकि, आप इसे नियंत्रित नहीं कर सकते कि अन्य लोग अपनी टाइमलाइन और Facebook पर अन्य किसी स्थान में आपके बारे में क्या कहते हैं, लेकिन आप यह नियंत्रित कर सकते हैं कि आपकी टाइमलाइन पर आपके बारे में क्या कह सकते हैं. टाइलाइन और टैगिंग के अंतर्गत, आप नियंत्रित कर सकते हैं कि आपकी टाइमलाइन पर कौन पोस्ट कर सकता है और आपकी टाइमलाइन को कौन देख सकता है.

## डिफ़ॉल्ट रूप से: क्या हमेशा सार्वजनिक रहेगा

हालाँकि, Facebook आपको आपकी गोपनीयता को विस्तृत करने के अनेक विकल्प देता है, लेकिन अगर कोई व्यक्ति आपकी टाइमलाइन देखता है, तो कुछ चीज़ें हमेशा उपलब्ध रहेंगी. इस जानकारी में आपका नाम, वर्तमान प्रोफ़ाइल फ़ोटो, मौजूदा कवर फ़ोटो, वे नेटवर्क जिनसे आप जुड़े हुए हैं, लिंग, उपयोगकर्ता नाम और उपयोगकर्ता ID शामिल हैं. हो सकता है कि पीड़ित अपनी गोपनीयता बनाए रखने के लिए इस संबंध में कार्यनीति बनाना चाहें कि कौन-सी जानकारी साझा करें, किसी जेनरिक प्रोफ़ाइल या कवर फ़ोटो का उपयोग करना चाहें या यह निर्धारण करना चाहें कि वे किसी नेटवर्क का हिस्सा बनना चाहते हैं या नहीं.

सार्वजनिक पोस्ट पर पसंद या टिप्पणी करना: ध्यान दें कि अन्य लोगों की प्रोफ़ाइल या संगठन के पेज पर मौजूद पोस्ट या फ़ोटो पर वे गोपनीयता सेटिंग लागू होती हैं, जो उन्होंने उस आइटम के लिए सेट की होती हैं. अन्य शब्दों में, अगर किसी अन्य व्यक्ति की फ़ोटो सार्वजनिक पर सेट है (सभी लोग उसे देख सकते हैं) और अगर आप उसे पसंद करते हैं या उस पर टिप्पणी करते हैं, तो आपकी टिप्पणी और आपके द्वारा उसे पसंद किया जाना भी सार्वजनिक होगा.

### गोपनीयता मूलभूत टूल

लोगों को Facebook में उनकी जानकारी और अनुभव पर पूरा नियंत्रण देने के लिए गोपनीयता मूलभूत टूल डिज़ाइन किया गया है. इसका उपयोग अपनी गोपनीयता को आसानी से नियंत्रित करने के लिए करें.

facebook.org/basics

# सुरक्षा की दूसरी पंक्ति: सुरक्षा सेटिंग और सूचनाएँ

सुरक्षा सेटिंग नियंत्रित करती हैं कि किसके पास आपके खाते की एक्सेस है. यह पीड़ितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है. दुरुपयोग करने वाले कुछ लोग पासवर्ड का अनुमान लगाकर पीड़ित के खाते को एक्सेस करने की कोशिश करेंगे. सुरक्षा सेटिंग के अंतर्गत, आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि कोई अन्य व्यक्ति आपके खाते में लॉग इन नहीं कर सकता. नीचे कुछ सेटिंग दी हैं, जो पीड़ितों के लिए महत्वपूर्ण होती हैं:

सुरक्षा
चेकअप टूल

विकल्पों की तुरंत

समीक्षा करने और अपने खाते को और भी सुरक्षित करने के लिए इस टूल का उपयोग करें.
facebook.com/
securitycheckup

## सुरक्षा प्रश्न

अधिकांश सुरक्षा प्रश्न ऐसे मानक निजी प्रश्न होते हैं, जिनका उत्तर दुरुपयोग करने वाले व्यक्ति को पता हो सकता है या वह उसका अनुमान लगाने में सक्षम हो सकता है. इन प्रश्नों का सही उत्तर देना आवश्यक नहीं होता है. आप केवल ऐसे शब्द या वाक्यांश का उपयोग करके कुशलता से अपने उत्तर दे सकते हैं, जो केवल आपको याद रहेंगे, ताकि दुरुपयोग करने वाला उत्तर का अनुमान लगाकर आपका पासवर्ड रीसेट न कर सके.

## लॉग इन सूचनाएँ

अगर कोई व्यक्ति किसी ऐसे कंप्यूटर या डिवाइस से आपका खाता एक्सेस करने की कोशिश करता है, जिसका आपने पहले कभी उपयोग न किया हो, तो आपको या तो ईमेल या पाठ संदेश द्वारा सूचित किया जा सकता है.

## लॉग इन स्वीकृतियाँ

अगर आप किसी भिन्न वेब ब्राउज़र या डिवाइस से अपने खाते में लॉग इन कर रहे हैं, तो आपके पास अपना खाता एक्सेस करने के लिए सुरक्षा कोड होना चाहिए.

## मान्यता प्राप्त डिवाइस

आप उन डिवाइस को प्रबंधित कर सकते हैं, जिन पर आपके खाते को एक्सेस करने की अनुमति हो और अगर किसी अज्ञात डिवाइस से आपके खाते को एक्सेस करने की कोशिश की जाती है, तो सूचना प्राप्त कर सकते हैं. यह विशेष रूप से उस पीड़ित के लिए उपयोगी होता है, जो संभवत: पहले अपने खाते को अपने साझेदार के डिवाइस से एक्सेस करने का इच्छुक था, लेकिन अब उस डिवाइस से एक्सेस नहीं करना चाहता है.

## सक्रिय सत्र

इस पर ध्यान देना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे सत्र दिखाता है वर्तमान में सक्रिय हैं या जिनमें लॉग ऑन किया गया होता है. अगर आपने अपना खाता एक्सेस किया है या किसी एप्लिकेशन का उपयोग कर रहे हैं और लॉग ऑफ़ करना भूल गए हैं, तो आपके सत्र सक्रिय हो सकते हैं. अगर किसी अन्य व्यक्ति ने आपका खाता एक्सेस किया हो, तो इसमें वह भी दिखाई देगा. ऐसी स्थिति में, आप 'गतिविधि समाप्त करें' चुन सकते हैं, जिससे उस डिवाइस को आपका खाता एक्सेस करना जारी रखने से ब्लॉक कर दिया जाएगा.

## सूचनाएँ

Facebook आपको विविध गतिविधियों की जानकारी रखने देता है, जिसमें किसी व्यक्ति द्वारा आपसे मित्रता करने के लिए कहे जाने, आपको टैग किए जाने या आपके द्वारा पोस्ट की जाने वाली किसी चीज़ पर टिप्पणियाँ किए जाने की स्थितियाँ शामिल हैं. इनमें से हर सूचना को देखें और निर्धारण करें कि आप कौन-सी सूचना प्राप्त करना चाहते हैं. आप ईमेल द्वारा, Facebook पर या पाठ संदेश-सेवा द्वारा सूचना प्राप्त करने का चयन कर सकते हैं.

## अपनी जानकारी डाउनलोड करें (DYI) टूल

इस टूल से आप सामग्री और अपने खाते से अन्य लोगों से हुए पत्राचार डाउनलोड कर सकते हैं, जैसे कि पोस्ट और फ़ोटो, जिनमें ऐसी कुछ गतिविधि शामिल है जिसे लॉग इन करके एक्सेस नहीं किया जा सकता, जैसे वे विज्ञापन जिन पर आपने क्लिक किया हो. यह टूल पीड़ित के लिए दुरुपयोग, उत्पीड़न और अनचाहे संपर्क के प्रमाणों को सुरक्षित रखने के सर्वश्रेष्ठ तरीकों में से एक है. इस टूल का उपयोग करने से आपकी टाइमलाइन पर की गई पोस्ट, मित्र अनुरोध, आपके द्वारा हटाए गए मित्र, भेजे और प्राप्त किए गए सभी संदेश (जब तक आपने उन्हें हटाया न हो), आपके खाते को एक्सेस करने वाले IP पतों का इतिहास, आदि कैप्चर हो जाएँगे. ध्यान रखें कि हो सकता है कि खाते को एक्सेस करने वाले IP पतों का पूरा इतिहास उपलब्ध न हो, क्योंकि Facebook पूरा इतिहास संभालकर नहीं रखता है. यह जानकारी डाउनलोड करने के लिए, अपनी सामान्य खाता सेटिंग पर जाएँ और 'अपने Facebook डेटा की कॉपी डाउनलोड करें' क्लिक करें. इस डाउनलोड में आपकी बहुत-सी निजी जानकारी शामिल होगी, इसलिए इस बात पर विचार करना कि कोई अन्य व्यक्ति ईमेल एक्सेस कर सकता है या नहीं और आप उसे कहाँ सहेजते हैं, इसका ध्यान रखना महत्वपूर्ण है. पीड़ितों को फ़ोटोग्राफ़ लेकर या कंप्यूटर पर स्क्रीनशॉट लेकर उत्पीड़न करने वाले या अनचाहे संपर्कों को कैप्चर करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है. किसी पोस्ट पर पसंद जैसी कुछ सामग्री को DYI में शामिल नहीं किया जाएगा और अन्य सामग्री को डाउनलोड समाप्त होने से पहले दुरुपयोग करने वाला हटाया सकता है. ऐसी स्थिति में फ़ोटो में यह जानकारी सुरक्षित रहती है. DYI टूल के बारे में और जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ: https://www.facebook.com/help/download.

# सुरक्षा की तीसरी पंक्ति: सुरक्षित रहना

अनुचित व्यवहार करने वाले, पीछा करने वाले और अपराधी पीड़ितों का उत्पीड़न करने के लिए विविध ऑनलाइन स्थानों का दुरुपयोग करते हैं. Facebook के दुरुपयोगों में ये शामिल हैं: किसी व्यक्ति को पोस्ट या निजी संदेशों द्वारा डराना या उनका उत्पीड़न करना; किसी व्यक्ति को नुकसान पहुँचाने या तंग करने के लिए उसकी सहमति के बिना जानकारी या चित्र पोस्ट करना; पीड़ित का पासवर्ड प्राप्त करना और अनुमति के बिना उसका खाता एक्सेस करना; या पीड़ित का रूप धारण करना.

हालाँकि दुरुपयोग की ये चालें स्वीकार्य नहीं हैं, वे Facebook की सेवा की शर्तों का उल्लंघन नहीं कर सकती और अलग-अलग वे गैर-कानूनी हो भी सकती हैं या नहीं भी हो सकती. इस कारण, पीड़ितों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि उनके पास कौन-से विकल्प हैं और जब कोई व्यक्ति Facebook द्वारा उनका उत्पीड़न करता है, तो उनके पास कौन-से संसाधन उपलब्ध हैं.

## Facebook में टूल:

Facebook में आपको परेशान करने वाले किसी व्यक्ति से मित्रता समाप्त कर देना या उसे ब्लॉक कर देना उससे निपटने के दो विकल्प हैं.

- मित्रता समाप्त करना: जब आप किसी व्यक्ति से मित्रता समाप्त कर देते हैं, तो इसका यह मतलब है कि आपके द्वारा "मित्र" ऑडियंस पर सेट की जाने वाली गतिविधियाँ (चित्र, अपडेट, पोस्ट) उसके बाद उस व्यक्ति को दिखाई नहीं देंगी. इसके अतिरिक्त, उनकी गतिविधियाँ आपकी समाचार फ़ीड पर दिखाई नहीं देंगी. हालाँकि, वे उसके बाद भी आपकी प्रोफ़ाइल पर मौजूद सार्वजनिक चीज़ों को देख पाएँगे, जिनमें आपके द्वारा "सार्वजनिक" ऑडियंस पर पोस्ट की जाने वाली सभी गतिविधियाँ, आपकी टाइमलाइन पर आपसी मित्रों द्वारा की जाने वाली पोस्ट और आपके द्वारा किसी आपसी मित्र की टाइमलाइन पर पोस्ट की जाने वाली सभी सामग्री शामिल हैं. वे मित्र के रूप में आपसे फिर से अनुरोध भी कर सकते हैं.
- ब्लॉक करना: जब आप किसी व्यक्ति को ब्लॉक कर देंगे, तो वे आपकी टाइमलाइन गतिविधि नहीं देख पाएँगे, आपको संदेश नहीं भेज पाएँगे या आपको टैग नहीं कर पाएँगे या आपको कोई अन्य मित्र अनुरोध नहीं भेज पाएँगे (किसी व्यक्ति को ब्लॉक करने से उससे अपने आप मित्रता समाप्त हो जाती है). आप भी उनकी गतिविधि नहीं देख पाएँगे. वे तब भी एप्लिकेशन या समूहों में आपकी सार्वजनिक जानकारी और गतिविधि को देख पाएँगे.

इन विकल्पों के समय पर विचार करते समय अपने विवेक और प्रवृत्ति का उपयोग करें. चूँकि पीछा और अनुचित व्यवहार करने वाले, पीड़ितों पर अपना शिकंजा कसने और नियंत्रण बनाए रखने के लिए निगरानी करते हैं और धमकी देते हैं, इसलिए जब कोई पीड़ित एक्सेस सीमित कर देता है, तो दुर्व्यवहार करने वाले कभी-कभी नियंत्रण करने या ख़तरनाक व्यवहार को बढ़ाने के लिए अन्य तरीके ढूँढ सकते हैं, जिनमें धमकियों में वृद्धि और यहाँ तक कि हमला शामिल होते हैं. दुर्व्यवहार करने वाले किसी व्यक्ति से संबंध या संपर्क समाप्त करना अनेक पीड़ितों के लिए ख़तरनाक हो सकता है, इसलिए सुरक्षा के लिए योजना बनाना और पीड़ितों के किसी प्रशिक्षित वकील से बात करना महत्वपूर्ण होता है. अगर आप इस बारे में चिंतित हैं कि किसी व्यक्ति से संपर्क समाप्त कर लिए जाने की स्थिति में वह क्या कर सकता है, तो और जानकारी और मदद के लिए अपने स्थानीय घरेलू हिंसा कार्यक्रम या पुलिस को कॉल करें.

अंतरंग साझेदार हिंसा, शिकार और दुर्व्यवहार के बारे में और जानने के लिए, अपने आस-पास के किसी ऐसे संगठन से संपर्क करें, जो महिलाओं की सुरक्षा और/या मानवाधिकारों के लिए काम करता हो. आप www.nnedv.org पर भी जा सकते हैं.

Facebook को किसी व्यक्ति, पोस्ट या चित्र की रिपोर्ट करना ऐसी कार्रवाई है, जो आप उस स्थिति में कर सकते हैं, जब आपको लगता है कि पोस्ट की जा रही कोई चीज़ या किसी व्यक्ति द्वारा साइट का उपयोग किए जाने का तरीका नुकसानदेह है. यह आपकी टाइमलाइन, किसी व्यक्ति द्वारा आपको भेजे गए किसी संदेश से या आपकी समाचार फ़ीड पर किया जा सकता है.

आप अपनी टाइमलाइन पर मौजूद पोस्ट, जिन पोस्ट में आपको शामिल किया गया है, उनकी या निजी संदेशों की रिपोर्ट कर सकते हैं. आप अपने टैग सहित या रहित फ़ोटो की रिपोर्ट भी कर सकते हैं. विशिष्ट प्रकार की सामग्री की रिपोर्ट करने के तरीकों पर त्वरित निर्देशों के लिए, यहाँ जाएँ: www.facebook.com/report.

Facebook पर किसी चीज़ की रिपोर्ट करने के संबंध में और सामान्य जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ: https://www.facebook.com/help/reportviolation.

रिपोर्टिंग विकल्प का उपयोग करते समय, आपके पास उस सामग्री को पोस्ट करने वाले व्यक्ति को उस सामग्री को निकालने या संपादित करने के लिए कहने का और किसी अन्य विश्वसनीय व्यक्ति को उस सामग्री के बारे में सूचित करने का विकल्प भी होता है, जिसके बारे में आप चिंतित हैं.

अगर सामग्री Facebook की सेवा की शर्तों का उल्लंघन करती है, तो उसे निकाला जा सकता है. Facebook के समुदाय मानक भी हैं और अगर सामग्री में हिंसा या ख़तरे, धमकाना या उत्पीड़न, अभद्र भाषा, यौन हिंसा और शोषण या प्रतिरूपण शामिल है, तो वह उसे निकाल देगा. Facebook के समुदाय मानकों की पूरी सूची और उनके द्वारा उत्पीड़न और ख़तरों को परिभाषित के तरीके से संबंधित और जानकारी के लिए इस लिंक पर जाएँ: https://www.facebook.com/communitystandards.

इस बात का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि अगर किसी पीड़ित की Facebook पर किसी भी उत्पीड़न, ख़तरे या अन्य व्यवहारों के प्रमाण को सुरक्षित रखने में रुचि है, तो उन्हें उसे हटाने का अनुरोध करते हुए रिपोर्ट सबमिट करने से पहले उस गतिविधि को सहेजने के लिए उसका स्क्रीनशॉट लेना चाहिए या DYI टूल का उपयोग करना चाहिए. एक बार निकाल दिए जाने पर, उस सामग्री को फिर से एक्सेस नहीं किया जा सकेगा.

Facebook पर दुर्व्यवहार से निपटने से संबंधित और जानकारी के लिए, Facebook के मदद केंद्र पर निम्न लिंक देखें:

दुर्व्यवहार का ध्यान रखने के लिए टूल: https://www.facebook.com/help/addressingabuse
अभिभावकों और शिक्षकों के लिए टूल: https://www.facebook.com/help/parents&educators

# Facebook के बाहर:

हो सकता है कि कुछ टिप्पणियाँ या पोस्ट Facebook की सेवा की शर्तों का उल्लंघन न करती हों और इसलिए उन्हें निकाला नहीं जा सकता, चाहे वे कथित रूप से आपको धमकाती हों या आपका उत्पीड़न करती हों.

कानूनी विकल्प

अगर कोई व्यक्ति आपका उत्पीड़न कर रहा है, आपको धमका रहा है या आपको असुरक्षित महसूस करा रहा है, तो आप अपने विकल्पों के बारे में स्थानीय घरेलू हिंसा के पीड़ितों के वकील या कानून प्रवर्तन निकाय. उन्हें इस संबंध में चर्चा होने में समर्थ होना चाहिए कि ऑनलाइन उत्पीड़न को कैसे सुरक्षित और दस्तावेज़ीकृत करें, कौन-से कानूनी विकल्प और कार्यनीतियाँ उपलब्ध हैं, जिससे उत्पीड़न और धमकियों में वृद्धि होने की स्थिति में आपकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. चाहे Facebook पर दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति की कार्रवाइयाँ अपने आप में Facebook की सेवा की शर्तों का उल्लंघन न करती हों या कोई भी कानून न तोड़ती हों, लेकिन एक-साथ (उदाहरण के लिए, उत्पीड़न करने वाले संदिग्ध संदेशों का क्रम) किए जाने पर उनमें धमकाना या उत्पीड़न शामिल हो सकता है.

अगर आपको किसी व्यक्ति के विरुद्ध सुरक्षा का आदेश या निरोधक आदेश मिला है या आप उसका निवेदन कर रहे हैं, तो अनुरोध करें कि उस आदेश में ऐसी भाषा शामिल हो, जो उस व्यक्ति को ऑनलाइन या आपकी जानकारी या फ़ोटो को ऑनलाइन पोस्ट करने सहित किसी भी माध्यम से आपसे संपर्क करने से प्रतिबंधित करती हो. अनेक राज्यों में टेम्पलेट सुरक्षा आदेश फ़ॉर्म में पहले से यह शामिल है. इस भाषा को शामिल करने के लिए मौजूदा आदेशों में संशोधन किए जा सकते हैं.

Facebook के इस संबंध में दिशानिर्देश हैं कि कानून प्रदर्शन किसी जाँच के लिए आवश्यक जानकारी के लिए उनसे कैसे संपर्क कर सकता है. आप उन अधिकारियों से निम्न लिंक साझा कर सकते हैं, जिनके साथ आप काम कर रहे हैं: https://www.facebook.com/safety/groups/law/guidelines/.



## अधिक जानकारी के लिए:

Facebook पर अपने गोपनीयता और सुरक्षा विकल्पों के बारे में और जानने के लिए निम्न लिंक पर जाएँ:

Facebook का गोपनीयता पेज:
www.facebook.com/privacy

परिवार सुरक्षा केंद्र:
www.facebook.com/safety

मूलभूत गोपनीयता सेटिंग और टूल:
www.facebook.com/help/privacybasics

सुरक्षा से संबंधित युक्तियाँ और टूल:
www.facebook.com/help/securitytips

NNEDV का सुरक्षा जाल प्रोजेक्ट:
www.nnedv.org/safetynet

ऑनलाइन सुरक्षा पर सुरक्षा जाल संसाधन:
www.techsafety.org/resources

सुरक्षा नेट की तकनीकी सुरक्षा सामग्री:
www.nnedv.org/safetynetdocs

NNEDV

facebook



©2015